PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Sat, 03 Jun 2017, Page 15
Width: 8.30 cms, Height: 21.89 cms, a4, Ref: 42.2017-06-03.114

पृथ्वी-2 मिसाइल का सफल परीक्षण

■ **भाषा, बालेश्वर (ओडिशा) :** भारत ने देश में बनी और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम पृथ्वी-2 मिसाइल का ओडिशा में एक परीक्षण रेंज से सफल प्रायोगिक परीक्षण किया है। सेना ने इस्तेमाल के दौरान इसका परीक्षण किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सतह से सतह पर मार करने में सक्षम और 350 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली इस मिसाइल का परीक्षण शुक्रवार सुबह करीब 9 बजकर 50 मिनट पर मोबाइल लॉन्चर से किया गया। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक मिसाइल का परीक्षण सफल रहा और मिशन के लक्ष्य पूरे हुए। पृथ्वी-2 मिसाइल 500 किलोग्राम से 1000 किलोग्राम वजनी युद्ध सामग्री ले जाने में सक्षम है और यह दो लिक्विड प्रपल्शन इंजनों से संचालित होती है। यह लक्ष्य को सटीकता से निशाना बनाने के लिए अत्याधुनिक प्रणाली का इस्तेमाल करती है। मिसाइल 2003 में सेना में शामिल की गई थी।